तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 30 दिसंबर 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 80 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई इसमें 65 का किया ...



12 शिव महापुराण कथा में शामिल हुए निखिलकांत



## खबर संक्षेप

### दलदली में रामचरित मानस महायज्ञ 3 से

**महासमुंद।** यज्ञ समिति दलदली, उमरदा द्वारा ग्राम दलदली में 3 से 13 जनवरी तक श्रीराम चरित मानस अष्टोतर शत (परायण) महायज्ञ मानस आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिन 3 जनवरी को गणेश पंचांग पूजन, जलयात्रा, मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापना होगी। 4 जनवरी को वेदी पूजन परायण व यज्ञ हवन होगा। 12 जनवरी को परायण (पाठ) विश्राम, 13 जनवरी को पूर्णाहुति, प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

# नए साल में जश्न मनाने की तैयारी, पर्यटन स्थलों में लग रही भीड़

## मंदिरों से लेकर वाटरफॉल, पार्क, डैम सहित अन्य जगहों पर कोने-कोने से पहुंचेंगे लोग


हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के लोगों नए साल के जश्न को लेकर तैयारी कर रहे हैं। अधिकतर लोग अपने परिवार के साथ जिले में स्थित पर्यटन स्थलों में घूमने जाने की तैयारी कर रहे है। इस नये साल पर पर्यटन स्थलों में भीड़ देखने को मिल सकती है। नए साल में जश्न मनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। मंदिरों से लेकर वाटरफॉल, पार्क, डैम सहित अन्य जगहों पर कोने-कोने से लोग पहुंचेंगे । इसी बीच जिले के उद्यानों में भी 31 दिसंबर से लेकर एक जनवरी तक सेलिब्रेशन की तैयारी शुरू हो गई है। नए साल में लोग अपने परिवार के साथ पार्क में समय गुजारने के लिए जुटेंगे। जिससे कि उनके लिए यह मौका यादगार बन जाए तो वही धार्मिक स्थलों में भी लोगों की भीड़ को देखते हुए उसके अनुरूप तैयारियां शुरू हो चुकी है।

युवा भी नए साल को उत्साह के साथ मनाने की तैयारी में जुट चुके हैं। नए साल को यादगार बनाने के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी है। जिले के सभी पार्क, वाटरफाल, मंदिरो के साथ-साथ होटलों में भी नये साल को लेकर तैयारियां जोरों शोरों पर है। होटलों में इसके लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। नये साल पर लोग अपने परिवारजन एवं रिश्तेदारों के साथ पिकनिक इत्यादि के लिए शहर के गार्डन जाते है। कुछ लोग नये साल की शुरूआत मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ करते है।

### स्कूलों में हो चुकी ठंड की छुट्टी

नए साल के पहले से ही नगर के कुछ पार्कों में अभी से भीड़ देखने को मिल रही है। स्कूलों में ठंड की छुट्टी हो चुकी है। ऐसे में लोग अपने परिवारों एवं बच्चों को लेकर पिकनिक मनाने के लिए पार्कों में आ रहे है वहीं लोगों की अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है।



### परिवार के साथ मनाएंगे नए साल का जश्न

नए साल में परिवार एवं स्नेहजन के साथ यादगार बनाने के लिए कुछ विशेष स्थल है। पिकनिक मनाने के लिए कोडार बांध, बारनवापारा अभ्यरन, शिशुपाल पर्वत, सहित सिरपुर आदि मुख्य है। वहीं मंदिरों में जिले के कुछ लोग खल्लारी माता मंदिर, घुंचापाली, कनेकेरा मंदिर भी जाना पसंद करते है।

## गुस्सा : ड्यूटी के दौरान शिक्षक से साथ हुई मारपीट व गाली गलौज, आदिवासी समाज में जमकर आक्रोश

# शिक्षक से मारपीट करने वाले 9 दिन बाद भी गिरफ्तार नहीं, आदिवासी समाज ने रैली निकालकर घेरा थाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

ड्यूटी के दौरान आदिवासी शिक्षक से साथ हुई मारपीट और जातिसूचक गाली गलौच किए जाने के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद 9 दिन तक पुलिस केवल विवेचना में जुटी रही। मामले के आरोपी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई। इससे आक्रोशित आदिवासी समाज के लोगों ने रविवार को घटना क्षेत्र के थाना पटेवा का घेराव कर थाना के समक्ष धरना दिया और जमकर आक्रोश व्यक्त करते हुए नारेबाजी की। मिली जानकारी के अनुसार जिले के प्राथमिक शाला गोंगल में पदस्थ शिक्षक लोकेश्वर सिंह ध्रुव ने एफआईआर में पुलिस को बताया था कि 20 दिसंबर को बच्चों को स्कूल में अध्यापन करा रहे थे, उसी समय आरोपी झलप निवासी खगेश पटेल, सुमीत गिलहरे ने उन्हें कक्षा से बाहर बुलाकर जातिसूचक गालियां देने के साथ मारपीट की।






### फेडरेशन ने भी की थी कार्रवाई की मांग

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लाक इकाई महासमुंद ने प्राथमिक शाला गोंगल के सहायक शिक्षक लोकेश्वर सिंह ध्रुव के साथ मारपीट करने वाले दोषियों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग को लेकर पूर्व में जिला शिक्षा अधिकारी व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा जा चुका है। कार्य स्थल में हुई घटना के संदर्भ में फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने अफसरों से चर्चा के दौरान दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए पूरे मामले पर चिंता जाहिर की थी।

### इन धाराओं में दर्ज की जा चुकी है एफआईआर

ग्राम गोंगल में शिक्षक लोकेश्वर ध्रुव के साथ स्कूल परिसर के भीतर दो लोगों द्वारा की गई मारपीट के मामले में झलप निवासी खगेश पटेल, सुमीत गिलहरे द्वारा मारपीट करते हुए, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दिए जाने पर पटेवा पुलिस ने द्वारा आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया जा चुका है।

### आदिवासी समाज ने निकाली रैली

रविवार को सर्व आदिवासी समाज ने जोगीडीपा से रैली निकाली और फिर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पटेवा थाने का घेराव कर दिया। इस दौरान पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थीं।

### गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद शांत हुए समाजजन

मामले को तूल पकड़ता देख पुलिस ने सप्ताहभर के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, इसके बाद धरना खत्म किया गया।

इस मामले में पटेवा पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया और 9 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नही किया गया।

## जुआ खेल रहे पांच लोगों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जुआ खेल रहे पांच लोगों पर बसना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात हजार रुपए ज्यादा जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गढ़पटनी रोड के किनारे पुलिया के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते पांच लोगों को पकड़ा। पूछताछ में इन लोगों ने अपने-अपने नाम तपन ओगरे पिता मुक्ति ओगरे (24 साल) वार्ड नं 01 बसना, भरत पटवा पिता लक्ष्मीलाल पटवा (35 साल) वार्ड नं 10 बसना, मो. साहिर पिता मो. इकबाल (47 साल) वार्ड नं 10 बसना, प्रेम बंजारा पिता शिव बंजारा (45 साल) वार्ड नं 10 बसना बहादर अली पिता शौकत अली (49 साल) वार्ड नं 13 बसना का निवासी होना बताए। आरोपियों के संयुक्त कब्जे नगद 7,180 रुपए जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई।

## मेले में दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम मुढ़ैना में मेला में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने पहले पक्ष के छन्नूलाल सोनवानी की रिपोर्ट के आधार पर बताया कि 27 दिसंबर को गांव में जयंती मेला कार्यक्रम चल रहा था, जिसे देखने के लिए प्रार्थी बहनोई प्रेमशंकर पटेला आया था, शाम करीब 7 बजे मेले में बहनोई प्रेमशंकर पटेला और हेमंत साहू , रोशन साहू, लाला साहू आपस में गाली गलौच कर विवाद कर रहे थे। जिसे देखकर प्रार्थी और उसके पिता संतराम सोनवानी बीच बचाव करने के लिए गए, लेकिन आरोपी हेमंत साहू, रोशन साहू, लाला साहू तीनों ने एक राय होकर तुम लोग समझाने वाले कौन होते हो कहकर हम लोगों से भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का तथा पत्थर से मारपीट किए, जिससे चोटें आई।

इधर, पुलिस ने प्रार्थी हेमंत साहू मुढ़ेना की रिपोर्ट के आधार पर बताया कि 27 दिसंबर को हमारे गांव में जयंती कार्यक्रम के दौरान करीब 7 बजे प्रार्थी का लड़का मोहित साहू अपने दोस्तों के साथ जयंती मेला घूमने गया था, उसी समय छन्नू सोनवानी के घर के सामने भीड़ अधिक होने से वहां पर चल रहे छन्नू सोनवानी के बहनोई से टकरा गया, इसके बाद पास में खड़े छन्नू सोनवानी, संतराम सोनवानी, गणेश सोनवानी व अन्य लोगों ने प्रार्थी के बेटे मोहित साहू को क्यों धक्का दे रहा है कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इसके बाद प्रार्थी बीच बचाव करने गया तो उसके साथ भी आरोपियों ने एक राय होकर तुम कौन होते हो बीच बचाव करने वाले कहकर मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। मामलों में दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

# जिला मुख्यालय के आसपास हाथी की दस्तक, लोगों में बना दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीप पहुंचे हाथी के चलते लोगों में दहशत व्याप्त है। महासमुंद-तुमगांव मार्ग में चेतावनी जारी किए जाने के बाद रविवार को इस मार्ग में लोगों की आवाजाही कम और सावधानीपूर्वक रही। बता दें, इस समय वनमंडल- महासमुंद के परिवृत्त- सोरिद में हाथी मौजूद है। हाथी की संख्या सिर्फ एक है चूंकि नर हाथी होने के कारण लोगों को नजदीक न जाने की सलाह दी गई है। बीती रात उक्त दंतैल गाड़ाघाट स्थित केंद्रीय रोपणी घाट की ओर बढ़ा। जिसके बाद ग्राम गाड़ाघाट कौंदकेरा बनसिवनी, परसदा, बेमचा, मुस्की, गोपालपुर, तुमगांव के आसपास के ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह जारी की गई। रविवार को महासमुंद वन मंडल क्षेत्र के सोरिद में एक दंतैल हाथी को देखा गया। वन विभाग के अनुसार



शनिवार रात्रि में एक दतैल हाथी चोरभट्ठी से निकाल कर जो कि कक्ष क्रमांक 68, 59, 60, 61, 438, 62, 63 के सोरिद और गौरखेड़ा आसपास के बीच जंगल में विचरण करता रहा।

### धान से आकर्षित हो रहा दंतैल

इन दिनों जिले भर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी है। ऐसे में जहां सोसायटी तथा संग्रहण केंद्रों में बड़े पैमाने पर धान डंप है। वहीं, किसानों के ब्यारा- खलिहान में भी धान की मिंजाई कर बेचने के लिए धान रखा गया है। धान की वजह से हाथी आबादी इलाके में विचरण कर रहा है। सप्ताह भर पूर्व ही हाथी कुछ किसानों के खेत में नुकसान पहुंचाया था।

### घर के सामने बैठे अधेड़ की गई थी जान

साल 2023 दिसंबर के अंतिम तारीख के आसपास तुमगांव में घर के सामन बैठे 53 साल के अधेड़ को हाथी ने सूंड से पटककर मार डाला था। जबकि, उक्त ग्रामीण के आसपास बैठे अन्य ग्रामीणों ने किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल हुए थे। फलस्वरूप एक बार फिर तुमगांव क्षेत्र में हाथी के आमद से लोगों में दहशत का आलम है। हाथी को लेकर ग्रामों में मुनादी कराई जा रही है।

### 10 गांवों में अलर्ट जारी

फारेस्ट विभाग के द्वारा महासमुंद से तुमगांव रोड में सावधानी पूर्वक आवागमन करने कहा है, क्योंकि हाथी जंगल से खेत और सड़क को पार कर रहा है। हालांकि नुकसान नहीं पहुंचा रहा है। वन विभाग ने ग्राम गाड़ाघाट, कौंदकेरा, बनसिवनी, परसदा, बेमचा, मुस्की, गोपालपुर, तुमगांव समेत 10 गांवों के ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा है।

## आज आएंगे वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सलीम

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष (चेयरमैन) हाजी डॉ. सलीम राज का आज महासमुंद नगर आगमन होने जा रहा है। आज सोमवार को डॉ. राज के 11.30 बजे महासमुंद पहुंचने पर स्थानीय अंबेडकर चौक में भव्य स्वागत



किया जाएगा। मुस्लिम जमात जामा मस्जिद के कार्यकारी सदर हाजी जमील चौहान (राजू भाई), गौसिया मस्जिद के सदर शकील खान एवं रजा मस्जिद के सदर जाहिद हुसैन ने अधिक से अधिक लोगों को स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## बैंक की नौकरी छोड़ी, कृषि को घाटे का सौदा समझने वाले लोगों के लिए बने प्रेरणास्रोत

# सब्जी की खेती कर सालाना कमा रहे 14-15 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

बैंक से हर माह मिलने वाले अच्छे-

- कुण्डापाली के बालमकुंद नायक ने अपनाया सब्जी की खेती को

खासे वेतन को छोड़कर सरायपाली के ग्राम कुंडापाली निवासी 32 वर्षीय बालमकुंद नायक ने सब्जी की खेती को अपनाया और आज वह जिले के उन्नत किसानों की श्रेणी में शामिल है। कृषि को घाटे का सौदा समझने वाले लोगों के लिए वह प्रेरणास्त्रोत हैं।

बता दें कि कुंडापाली के बालमकुंद नायक का बचपन से ही कृषि में रुझान था। बालमकुंद के पिता भी एक किसान हैं। बालमकुंद एक निजी बैंक में कार्यरत था। जहाँ से उन्हें हर माह 22 हजार रुपए वेतन मिलता था। खेती - किसानी में रूझान होने कारण उसने कुछ नया करने की सोच रखते हुए बैंक से मिले वेतन को जमा कर रखता रहा और चार साल पहले उसने



नौकरी छोड़कर कर सब्जी की खेती की ओर रूख किया और अपने डेढ़ एकड़ खेत में लौकी, कुम्हड़ा, करेला, शिमला मिर्च, खीरा आदि लगाया। पानी का खपत कम हो इसलिए ड्रिप सिंचाई पद्धति को अपनाया जिससे युवा किसान की मेहनत रंग लाई और सब्जी की अच्छी पैदावार ने बालमकुंद को लखपति बना दिया। अब वह इस खेती से हर माह एक लाख और सालाना 14 - 15 लाख रुपये कमा रहा है।

### स्वयं स्वावलंबी बने, दर्जन भर से अधिक महिलाओं को भी रोजगार दिया

बालमकुंद ने सब्जी के साथ नर्सरी भी लगा रखी है और दोनों कार्यों के लिए गांव की ही 14 - 15 महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है। रोजगार पाकर महिलाएं खुश हैं। रुनी कंधेर, अर्चना कंधेर ने बताया कि पहले बिहान के तहत काम करते थे, बंद हो जाने के कारण बेरोजगार थीं, पर बालमकुंद ने हम लोगों को काम दिया है। प्रतिदिन 200 रुपये के हिसाब से 6 हजार रुपये मिल जाता है इसलिए रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ता।

आवश्यकता है

हरिभूमि

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

रिपोर्टर (2 पद)

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

अनुभवी को प्राथमिकता

(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों के पंजीकरण की अंतिम तारीख 31 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिन निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण एक वर्ष या उससे अधिक समय से समाप्त हो चुका है और जिन्होंने आज तक पंजीकरण नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है, वे 31 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकेंगे। निर्माण श्रमिक अपनी पंजीकरण नवीनीकरण प्रक्रिया श्रमेव जयते मोबाईल ऐप, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र की विभागीय वेबसाइट व च्वाइस सेंटर से कर सकेंगे। वहीं 31 दिसंबर 2024 के बाद जिनका पंजीकरण नवीनीकरण नहीं होगा, उन्हें अपंजीकृत माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केन्द्र के हेल्पलाइन नंबर 0771-3505050 पर संपर्क किया जा सकता है।

### शिवसेना ने सौंपा थाना प्रभारी को ज्ञापन

**रायपुर।** शिवसेना शिंदे गुट के रायपुर जिला उपाध्यक्ष देवराज साहू के नेतृत्व में न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध, सूखा नशा के विरोध में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही करने की मांग की गई। देवराज साहू ने बताया सूखा नशा के कारण ही जगह–जगह लूट–पाट, चाकूबाजी को बढ़ावा मिल रहा है जिसके कारण शहर का माहौल खराब हो रहा है। और शहर में सूखा नशा का व्यापार राजेन्द्र नगर थाना केअंतर्गत खूब फल रहा है जिसको बंद कराने की मांग को लेकर शिवसेना रायपुर जिला इकाई के द्वारा सैकड़ो की संख्या में थाना के बाहर प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मुख्य रूप से आशीष परिडा, संजय सोनकर, किशन साहू, गोविंद साहू, संजू साहू, नरेन्द्र प्रजापति, तरूण, गिरीराज, बबलू सोना, सागर कुम्हार, आकाश मसी, जॉनी मोंगराज, कमल, धनंजय, मनीष, नरेश, लोकेश, खेलेश, परमेश्वर के साथ सैकड़ो की संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे।

### मानसिक रूप से बीमार महिला का रेप, हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**रायपुर।** कोतवली थाना क्षेत्र के टिकरापारा स्थित पुजारी पार्क के पास तीन माह पूर्व मानसिक रूप से बीमार महिला की मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। महिला की लाश संदिग्ध हालत में ऑटो डील के सामने एक चारपहिया वाहन में मिली थी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही थी। पीएम रिपोर्ट में महिला की रेप के बाद गला घोंटकर हत्या की पुष्टि ते बाद पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज के आधार पर महिला के साथ रेप, हत्या के आरोप में दो लड़कों को गिरफ्तार किया है। महिला की लाश पुलिस को आठ सितंबर को मिली थी। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को सब कुछ सामान्य मिला। मौके पर सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करने पर बाइक सवार दो युवक घटनास्थल के पास संदिग्ध हालत में दिखे थे। पहले पुलिस ने महिला की सामान्य मौत मानकर मर्ग कायम कर मामले की जांच की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद संदिग्ध हालत में बाइक सवार जो दो युवक दिखे थे, पुलिस ने उनके संबंध में जानकारी जुटाई। पतासाजी करने पर लड़कों की पहचान सफाई कर्मी भाठागांव निवासी सिद्धार्थ दीप उर्फ उड़चंद तथा दाउद दीप के रूप में हुई।

# 930 करोड़ की बिजली के तारों को अंडर ग्राउंड करने की योजना को केंद्र सरकार का झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की फुंडहर से तेलीबांधा, जयस्तंभ चौक होते हुए टाटीबंध तक के बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करने की योजना अब खटाई में पड़ गई है। 930 करोड़ की योजना राज्य सरकार से मंजूरी के बाद केंद्र सरकार के पास भेजी गई थी।

केंद्र सरकार से यह योजना लंबे समय बाद अंततः नामंजूर हो गई है। केंद्र सरकार से इस योजना के लिए मदद न मिलने के कारण अब यह योजना पूरी नहीं हो सकेगी। इस योजना को पूरा करना है, तो इसके लिए पूरे पैसे राज्य सरकार को खर्च करने पड़ेंगे। ऐसे में फिलहाल योजना को टाल दिया गया है। राजधानी को स्मार्ट सिटी बनाने के दिशा में कई काम हो रहे हैं। शहर के अंदर बिजली के तारों का जाल बिछा हुआ है। अलग-अलग योजनाएं बनाकर बिजली तार हटाने की योजना पर काम हो रहा है। कुछ योजनाओं पर स्मार्ट सिटी खुद काम कर रही है।

इसमें बूढ़ातालाब के चारों तरफ के तार अंडरग्राउंड किए गए हैं। इसके पहले स्मार्ट सिटी ने पॉवर कंपनी को आधा दर्जन से ज्यादा मार्गों के तार अंडरग्राउंड करने का काम दिया था, पर इसके टेंडर में गड़बड़ी के कारण पॉवर कंपनी से स्मार्ट सिटी ने पैसे वापस भी ले लिए थे। अब इस पर स्मार्ट सिटी लिमिटेड खुद काम कर रहा है। इधर पॉवर कंपनी भी अपनी योजनाओं पर काम कर रही है।

**फुंडहर से टाटीबंध तक के बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करने की दो साल पहले बनी थी योजना**

#### लंबी योजना को लगा झटका

पॉवर कंपनी ने एक बड़ी और लंबी योजना तैयार की थी। इस योजना में वीआईपी रोड फुंडहर चौक से लेकर टाटीबंध तक केबल अंडरग्राउंड किए जाने थे। इस मार्ग पर फुंडहर से राम मंदिर के पास वीआईपी चौक से तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, भगत सिंह चौक, नगर घड़ी, शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक, तात्यापारा चौक, आजाद चौक, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय, महोबा बाजार होते हुए टाटीबंध चौक तक पूरे मार्ग के तार अंडरग्राउंड करने का काम होना था। योजना का प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार से मंजूरी लेकर इसको केंद्र सरकार को पिछली सरकार में ही मंजूरी के लिए भेजा गया था।



## सभी उपार्जन केंद्रों में 70 से 80 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका

# धान के धीमे उठाव से परेशान समिति प्रबंधक ने कहा- मुझे लग रही नशे की लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर जिले के उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदा जा रहा है। इस खरीदी के साथ छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ रायपुर द्वारा डीओ जारी कर मिलर्स के जरिए उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव भी कराया जा रहा है, लेकिन जिले में एक ऐसा उपार्जन केंद्र भी है, जिसके प्रबंधक को धीमी गति से धान का उठाव होने पर धान की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। प्रबंधक का कहना है कि इस चिंता के कारण उसे नशे की लत लगने लगी है, जबकि वह नशा करता नहीं है। यह मामला आरंग क्षेत्र के ग्राम गौरभाट उपार्जन केंद्र का है। यहां के प्रबंधक ने विपणन संघ को पत्र लिखकर जल्द से जल्द डीओ जारी कर धान का तेजी से उठाव कराने की मांग की है। इधर इस मामले में विपणन संघ के अधिकारी का कहना है कि गौरभाट को छोड़कर जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में 70 से 80 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है। गौरभाट उपार्जन केंद्र में भी करीब 60 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है, शेष धान के लिए भी जल्द डीओ जारी कर उठाव करा लिया जाएगा।

आरंग जिले के ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित गौरभाट 1686 के प्रभारी समिति प्रबंधक ने जिला विपणन संघ अधिकारी को 28 दिसंबर को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में बताया गया है कि उपार्जन केंद्र गौरभाट 44002701 में 14 नवंबर से लेकर 27 दिसंबर तक की स्थिति में अन्य धान के साथ 31872.40 क्विंटल सरना धान का उपार्जन किया जा चुका है। इसके अनुपात में अब तक मात्र 1120.00 क्विंटल सरना धान का डीओ जारी किया गया है। उन्होंने यह भी लिखा है कि प्रतिदिन खरीदी की लिमिट 1655.00 क्विंटल धान है। इस तरह खरीदी की तुलना में उठाव बहुत धीमा है। इसके कारण उसके उपार्जन केंद्र में धान का स्टॉक लगातार बढ़ रहा है, जिसकी सुरक्षा की चिंता उसे सताने लगी है। उन्होंने यह भी लिखा है कि वह नशा नहीं करता, लेकिन धान की चिंता के कारण उसे नशा करना पड़ है, जिससे उसे इसकी लत लग रही है।

#### डीओ जारी करने के साथ तेजी से किया जा रहा उठाव

धान का डीओ जारी करने के साथ उठाव भी तेजी से किया जा रहा है। जिले में उपार्जन केंद्रों से अब तक 70 प्रतिशत धान का उठाव किया जा चुका है। शेष उठाव भी जल्द कर लिया जाएगा।

**- जशबीर सिंह बघेल, डीएमओ**
सहकारी विपणन संघ रायपुर

#### गौरभाट में 9320 क्विंटल का डीओ जारी, 5438.30 क्विंटल का उठाव

जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि गौरभाट में कुल 38288.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसकी तुलना में 9320 क्विंटल धान के लिए डीओ जारी कर दिया गया है, वहीं 5438.30 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। उन्होंने बताया कि गौरभाट इलाके के आसपास मिलर नहीं है, इसके कारण अन्य उपार्जन केंद्रों की तुलना में यहां उठाव थोड़ा धीमा होता है। उन्होंने बताया कि शेष धान के लिए भी जल्द ही डीओ जारी हो जाएगा और उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए जाएंगे। विभागीय अधिकारी के अनुसार जिले के 139 उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 4 लाख 20 हजार 139 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसके एवज में 3 लाख 15 हजार 563 मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया है, वहीं 70 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है।

# कवासी और उनके करीबियों पर ईडी छापा, गरमाई सियासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के रायपुर धरमपुरा स्थित घर पर ईडी ने दबिश दी है। ईडी के एक्शन से प्रदेश की सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने फिर केंद्रीय एजेंसी पर सवाल खड़ा किया है। वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे जांच एजेंसी का दायित्व बताया है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, वरिष्ठ आदिवासी नेता कवासी लखमा पर ईडी की कार्रवाई भारतीय जनता पार्टी की दुर्भावना को दर्शाती है। जब-जब छत्तीसगढ़ में चुनाव होते हैं, तो कांग्रेस के नेताओं को निशाना बनाती है। अभी नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव होने वाले हैं, इसलिए ईडी के जरिए विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है।

#### जब-जब चुनाव आता है, कांग्रेस नेताओं को बनाया जाता है निशाना : सुशील






#### पक्षपात पूर्ण कार्रवाई- धनेन्द्र

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा, बहुत बार ईडी ने छापा मारा है, किसी कार्रवाई का ब्योरा नहीं आया है। डरा, धमका कर जबरदस्ती बुलवाना चाह रहे हैं। ईडी की कार्रवाई पूरी तरीके से

#### गड़बड़ी प्रमाणित हुई : कौशिक



भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा, लखमा पूर्व भ्रष्ट सरकार के आबकारी मंत्री रहे। कोयला-शराब घोटाले में कई नेता जेल और बेल पर हैं। जांच एजेंसी को गड़बड़ी का इनपुट मिला होगा। छत्तीसगढ़ में जहां-जहां छापे पड़े, गड़बड़ी प्रमाणित हुई है।

#### ईडी केंद्रीय जांच एजेंसी इनपुट के आधार पर जांच करती है : गुप्ता



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा, ईडी की जो कार्रवाई हुई है, वह इनपुट के आधार पर है। उन्होंने कहा, कवासी लखमा भूपेश सरकार में आबकारी मंत्री रहे हैं और इस दौरान प्रदेश में 2200 करोड़ रुपए का शराब घोटाला भी हुआ है। कुछ भ्रष्टाचार के मामले भी बस्तर क्षेत्र के सामने आए हैं।

# मनमोहन सिंह के अध्यादेश को फाड़कर राहुल गांधी ने किया था प्रधानमंत्री का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा ने कहा, प्रणव मुखर्जी कोई अकेले नहीं थे। ऐसे तमाम कांग्रेस के नेता जिनका कद बड़ा हो गया, वे नेहरू-फिरोज परिवार के निशाने पर रहे। कांग्रेस के हर बड़े नेता से नफरत सी रही सोनिया परिवार को। प्रणव मुखर्जी को भारत रत्न भी नरेंद्र मोदी ने दिया। मनमोहन सिंह के अध्यादेश को उसी हिकारत के साथ फाड़ कर भारत के प्रधानमंत्री का अपमान किया था राहुल गांधी ने जिस हिकारत के साथ आज धर्मग्रंथ जलाए जा रहे हैं।

श्री झा ने कहा, तय मानिए, अगर आज कांग्रेस की सरकार होती न तो दिल्ली में मनमोहन सिंह को दो गज जमीन तो नसीब होना छोड़िए, दिल्ली के किसी सार्वजनिक शवदाह गृह तक में उनका अंतिम संस्कार तक नहीं दिया जाता। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव, जिनकी सरकार में वित्त मंत्री रहते मनमोहन सिंह ने वैश्विक यश प्राप्त किया था, उनके साथ क्या किया था सोनिया गांधी ने? वे कांग्रेस मुख्यालय में भी उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन हेतु रखने को तैयार नहीं थी। जब अत्यधिक दबाव के कारण नरसिम्हा राव को लाना पड़ा, तब मात्र 11 लोग उपस्थित थे, उनके दर्शन के लिए। कोई पूछेगा आज कांग्रेस से कि उतने बड़े व्यक्तित्व और विद्वान पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि कहां है। हैदराबाद में उनके अंतिम संस्कार करने पर क्यों विवश किया गया। केवल इसलिए, क्योंकि सोनिया परिवार बिल्कुल नहीं चाहता था कि कोई और बड़ा कद दिल्ली में दिखे जो राजीव खानदान का न हो। नरसिम्हा राव से सोनिया गांधी के घृणा का एक कारण यह भी था कि उन्होंने श्रीअयोध्या में लाशें नहीं बिछने दी।

# नई मतदाता सूची तैयार होने के बाद ही होंगे नगरीय निकाय के चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर पालिकाओं और त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम चुनाव में मतदाता बनाने के लिए कार्यक्रमों में संशोधन किया गया है। नगर पालिकाओं और त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम चुनाव के लिए लोगों को मतदाता बनने का एक और अवसर प्राप्त हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को होगा। नई मतदाता सूची तैयार होने के बाद ही नगरीय निकाय के चुनाव होंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 31 दिसंबर को किया जाएगा। मतदाता सूची उपलब्ध कराना, दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी 3 बजे तक, दावे-आपत्तियों का निपटारा 9 जनवरी को किया जाएगा।

नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी तय की गई है। ऐसे युवा मतदाता, जिन्होंने 1 जनवरी की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, वह भी मतदाता बनने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर सकेंगे। नई मतदाता सूची तैयार होने के बाद ही नगरीय निकाय के चुनाव होंगे।

#### 11 जनवरी तक जुड़ेंगे नाम

नगर पालिकाओं और त्रि-स्तरीय पंचायतों के लिए निर्वाचक नामावली प्रारूप क-1 रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिष्ट्रीकरण अधिकारी का दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी और प्रारूप क-1 में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की अंतिम तिथि 11 जनवरी निधारित की गई है। नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को किया जाएगा।

**वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति की हुई बैठक**

# तेन्दूपत्ता संग्रहण प्रक्रिया की होगी ऑनलाइन मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस साल से ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। यह जानकारी आज छत्तीसगढ़ के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति की बैठक दी गई। नवा रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में तेन्दूपत्ता संग्रहण, बांस की बहुउद्देशीय उपयोगिता और वनवासियों की आय बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

राज्य में वर्तमान में तेन्दूपत्ता संग्राहकों से 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से क्रय किया जा रहा है। निजी क्रेताओं को प्रतिभूति राशि जमा करने की अवधि में 15 दिन का अतिरिक्त समय देने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही निजी गोदामों में भंडारण के लिए जमा सुरक्षा निधि की 100 प्रतिशत वापसी की सहमति भी दी गई। प्रबंध संचालक, वन विकास निगम द्वारा सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, और बैकुंठपुर में पाई जाने वाली पांच प्रजातियों के बांस का प्रस्तुतिकरण किया गया। इनमें रोपा, चांई, झींगी, कटंग और पहाड़ी बांस शामिल हैं। इन बांसों का उपयोग कागज, फर्नीचर, सजावटी सामान, टेंट, सेंट्रिंग, और सब्जी उत्पादन जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। प्रारंभिक सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 500 करोड़ रूपए मूल्य का बांस राज्य के कृषकों की भूमि पर उपलब्ध है। सब्जी उत्पादक कृषकों द्वारा प्रति वर्ष लगभग दस करोड़ रुपए के बांस का उपयोग किया जा रहा है।

#### बांस के बाजार की मांगी रिपोर्ट



बैठक में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय सड़क प्राधिकरण और रेलवे द्वारा बांस का उपयोग क्रेश बैरियर और फेंसिंग में किया जा रहा है, जिससे यह काष्ठ, एल्यूमिनियम और लौह का महत्वपूर्ण विकल्प बनता जा रहा है। मंत्री केदार कश्यप ने बांस बाजार का विस्तृत सर्वेक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने वनांचल में निवासरत परिवारों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए समर्थन मूल्य पर अधिक लघु वनोपज के संग्रहण को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए।

## एनआरडीए ने दी 142 एकड़ जमीन

# नवा रायपुर में बनेगा राज्य का पहला फार्मास्यूटिकल पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सेंट्रल इंडिया का नया फार्मास्यूटिकल हब बनने जा रहा है। फार्मास्यूटिकल पार्क से नए अनुसंधान, विकास और अंतर्राष्ट्रीय निवेश में वृद्धि के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर 22 ग्राम तूता में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम को फार्मास्यूटिकल पार्क की स्थापना के लिए 141.84 एकड़ भूमि आबंटित की गई है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ ही फार्मास्यूटिकल क्षेत्र को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बताया छत्तीसगढ़ में विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं आम लोगों को सहजता से सुलभ हो, इस सोच के साथ राज्य में चिकित्सा क्षेत्र में प्रभावी ईको सिस्टम तैयार करने की लगातार पहल की जा रही है। छत्तीसगढ़ को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ और जनोन्मुख बनाना जरूरी है। फार्मास्यूटिकल पार्क की स्थापना इसी की एक कड़ी है। नई औद्योगिक नीति में भी फार्मास्यूटिकल क्षेत्र के उद्योगों को कई अनेक सुविधाएं और रियायतें दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

फार्मास्यूटिकल ईकाईयों को 12 वर्ष तक विद्युत शुल्क में छूट, स्टाम्प शुल्क से छूट, पंजीयन शुल्क एवं नवीन विद्युत कनेक्शन पर देय शुल्क में 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति सहित अन्य कई रियायतें दिए जाने का प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार की नवीन औद्योगिक नीति में किया गया है।

#### फार्मास्यूटिकल इकाइयों को मिलेंगी सुविधाएं : चौधरी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि फार्मास्यूटिकल पार्क में आयुष उत्पादों में विशेषज्ञता वाली फार्मास्यूटिकल इकाइयों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह पार्क फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स और एक कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) सहित आधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस होगा। अनुसंधान और विकास केंद्र और परीक्षण प्रयोगशाला जैसी आवश्यक सेवाएं भी इसमें शामिल रहेंगी।

#### अनुदान का भी प्रावधान

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में फार्मास्यूटिकल सेक्टर में वृहद उद्यम के लिए परियोजना में स्थायी पूंजी निवेश की मदों पर निवेश होने वाली राशि के 100 प्रतिशत तक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किए जाने का प्रावधान है। फार्मास्यूटिकल इकाईयों को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से लेकर 12 वर्ष तक भुगतान किये गए नेट एसजीएसटी अधिकतम स्थायी पूंजी निवेश के 100 प्रतिशत तक की प्रतिपूर्ति किए जाने अथवा स्थायी पूंजी निवेश अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। 50 करोड़ से अधिक किन्तु 200 करोड़ रुपए से कम पूंजी निवेश पर अनुदान की अधिकतम राशि 60 करोड़ रुपए, 200 करोड़ से अधिक किन्तु 500 करोड़ रुपए से कम के पूंजी निवेश 150 करोड़ रुपए का अनुदार तथा 500 करोड़ रुपए से अधिक पूंजी निवेश अधिकतम 300 करोड़ रुपए का अनुदान दिए जाने का प्रावधान भी छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है।

# मुख्यमंत्री साय ने कुशाभाऊ ठाकरे जेटली एवं पटवा को किया नमन



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 28 दिसंबर को स्व. कुशाभाऊ ठाकरे और सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि तथा अरुण जेटली की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री साय ने कुशाभाऊ ठाकरे के देश के लिए योगदान को याद करते हुए कहा कि कुशाभाऊ नैतिकता, आदर्श व सिद्धांतों के प्रकाश स्तंभ थे। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण अटूट था। कुशाभाऊ ठाकरेजी ने समाज के प्रत्येक वर्ग की सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से काम किया। उनके जैसे निष्काम कर्मयोगी के विचार और जीवनमूल्य हमें सदैव देश सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पद्मविभूषण स्व. अरूण जेटली की 28 दिसंबर को जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि जेटलीजी ने भारत के वित्त, रक्षा, कॉरपोरेट मामले, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभागों को कुशलता से संभाला और देश के विकास को नई गति दी। उन्होंने देश की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# 25 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली हवा, कई इलाकों में पड़ी बौछार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में आने वाली नमी के प्रभाव से शनिवार को कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। सुबह के वक्त बलरामपुर, मरवाही सहित कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई और शाम होने के बाद शहर में भी बौछारें पड़ी। हवा की गति पच्चीस किमी. प्रतिघंटा होने की वजह से ठंड महसूस हुई। रविवार की शाम से राज्य में उत्तर-पूर्वी हवा का प्रवेश होगा, जिससे सोमवार को सुबह अच्छी ठंड पड़ेगी। प्रदेश में काफी दिनों से मौसम बदला हुआ है और छाए बादलों की वजह से ठंड गायब है तथा गर्मी का अहसास हो रहा है। शनिवार को मौसम में थोड़ा बदलाव हुआ और छाए बादल कई इलाके में मामूली रूप से बरसे भी। बलरामपुर में सुबह के वक्त हल्की वर्षा हुई, इसके बाद मरवाही में काफी देर तक बारिश होती रही। शाम होने के बाद शहर में भी मौसम का मिजाज बदला और हल्की बारिश के साथ तेज हवा भी चली, जिसकी गति पच्चीस किमी प्रतिघंटा थी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि रात के तापमान में बड़ा बदलाव नहीं होगा। रविवार की सुबह के वक्त आसमान पर छाए बादल काफी मात्रा में छंट जाएंगे। शाम होने तक राज्य में आ रही नमी युक्त हवा का प्रवेश बंद हो जाएगा। इसके बाद उत्तर-पूर्वी हवा के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो जाएगा और ठंड बढ़ने लगेगी।

## शाम से बदलेगी हवा, सोमवार की सुबह महसूस होगी ठंड

*रविवार की सुबह के वक्त आसमान पर छाए बादल काफी मात्रा में छंट जाएंगे*

### रात का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 19.9 | +7 |
| बिलासपुर | 18.2 | +6 |
| पेंड्रा | 15.0 | +4 |
| अंबिकापुर | 13.9 | +6 |
| जगदलपुर | 17.6 | +7 |
| दुर्ग | 18.0 | +4 |



### नए साल में शीतलहर

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार नए साल की शुरुआत शीतलहर के साथ होने की संभावना है। खासकर उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में 31 दिसंबर की रात में कड़ाके की ठंड रहने के आसार बन रहे हैं। 2 जनवरी तक अधिकतर भाग में न्यूनतम तापमान में 6 से 8 डिग्री की गिरावट आएगी। इससे ठंड बढ़ेगी अभी रायपुर का तापमान सात डिग्री तक ज्यादा हो चुका है, जिसमें काफी कमी आने के आसार हैं।


## खबर संक्षेप

### गांड़ा महासभा का 'युवा संवाद' कार्यक्रम आज

**रायपुर।** गांड़ा महासभा युवा प्रकोष्ठ द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 29 दिसंबर को समाज के युवाओं को संगठित कर एक नई दिशा देने के लिए "युवा संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह जानकारी गांड़ा समाज की केंद्रीय संस्था गांड़ा महासभा के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बंटी निहाल ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि नगर निगम के एमआईसी मेंबर अजीत कुकरेजा और जोगी कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक होंगे। कार्यक्रम में गांड़ा महासभा के संयोजक रघुचंद निहाल, अध्यक्ष नारायण बाघ आदि शामिल होंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय नृत्य स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहीं समृद्धि

**रायपुर।** काशीधाम अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव सुर छंदम बीएसयू वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ की समृद्धि यादव ने इस कठिन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है।



समृद्धि कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा में कक्षा चौथी की छात्रा हैं। पढ़ाई के साथ-साथ वे तीरंदाजी भी करती हैं और गुरु हरीश बहादुर से भरतनाट्यम नृत्य की शिक्षा ले रही हैं। इस उपलब्धि का श्रेय समृद्धि ने काशी विश्वनाथ एवं अपने नाना पीआर अहीर, नानी सुनीता अहीर, पिता डॉ. संजीव कुमार यादव एवं माता डॉ. डॉली अहीर को दिया है।

### मरार पटेल समाज का प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**रायपुर।** कर्मचारी प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान सह कैरियर गाइडेंस समारोह 29 दिसंबर को शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित किया है। इस समारोह में वर्ष 2024 में उत्तीर्ण कक्षा 10 वीं और 12 वीं में प्रावीण्यता प्राप्त विद्यार्थियों को तथा समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मोटिवेशनल वक्ताओं द्वारा कैरियर गाइडेंस दिया जाएगा।
समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल, अतिविशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मरार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बरत राम पटेल, संयोजक राजेंद्र नायक पटेल, महासचिव प्रेम लाल पटेल, कोषाध्यक्ष गीताराम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष आत्मनारायण पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल, कविता पटेल नायब तहसीलदार होंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नागेश्वर पटेल करेंगे।

### मुझे मोबाइल चोरी के केस में फंसा रही पुलिस, कैमरे की जांच में खुलेगी पोल

**रायपुर।** अंबिकापुर के मणिपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली एलएलबी की छात्रा ने पुलिस पर मोबाइल चोरी के झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्रा प्रेमा (जोया) साहू ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि 24 दिसंबर को थाने से आए पुलिस बल मुझे जबरिया गाड़ी में बैठाकर थाने लेकर गया। थाने में एक पुलिस कर्मी ने शारीरिक शोषण का प्रयास किया। उसकी बात नहीं मानने पर झूठे केस में बदनाम किया जा रहा है। पीड़ित छात्रा ने बताया कि जिस समय मुझे घर से जबरिया घसीटते हुए गाड़ी में बैठाया गया, उस समय उनके साथ एक भी महिला पुलिस कर्मी नहीं थी। थाने में पुलिस कर्मियों ने बाल को पकड़ते हुए घसीटा व मारा। थाना प्रभारी के कहने पर एक पुलिस कर्मी मुझे एक अलग कमरे में ले गया। वहां उसने शारीरिक शोषण का प्रयास किया। आपत्ति करने पर जेल भेजने की धमकी दी। कोर्ट से जमानत लेने की स्थिति पैदा की और गलत न्यूज प्रसारित करके बदनाम किया गया। मामले को लेकर अब समाज के साथ ही गृहमंत्री विजय शर्मा से शिकायत की है। थाने में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे की जांच भी कराई जाए, इससे पुलिस द्वारा की गई बर्बरता की पोल खुलेगी।

# अवैध ठेले-गुमटियों की भरमार, 23 जगह वेंडिंग जोन का प्लान, 3 साल में 4 बना पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में अवैध ठेले व गुमटियों की भरमार ने ट्रैफिक व्यवस्था की बखिया उधेड़ कर रख दी है। प्रशासन और नगर निगम 3 साल बाद भी इस खामी को सुधार नहीं पाये। शहर में फुटकर ठेले, गुमटी और फेरीवालों के लिए टाउन वेंडिंग कमेटी ने 70 वार्डों में सर्वे कराने के बाद 64 वेंडिंग जोन तय किये थे। कमेटी के आदेश पर इसमें राजधानी में 23 वेंडिंग जोन चिन्हांकित हुए, पर केवल 4 जगहों पर ही वेंडिंग जोन सुव्यवस्थित रूप से संचालित हैं। बाकी 19 जगहों पर आज तक वेंडिंग जोन शुरू नहीं हो पाए। इसके कारण शहर में अवैध ठेले व गुमटियों की भरमार है। इससे आए दिन ट्रैफिक जाम से लोग त्रस्त हैं।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत फुटकर वेंडरों की स्थिति जानने 3 साल पहले शहरभर में वेंडरों का सर्वे कराया गया, जिसमें 7 हजार वेंडर चिन्हांकित किये गये। इसके बाद नगर निगम के 70 वार्डों में नगर वेंडिंग कमेटी सिफारिश के बाद इन वेंडरों के लिए 64 जगह वेंडिंग जोन तय किये गये। कमेटी से 23 जगहों पर वेंडिंग जोन बनाने के आदेश के बाद भी मात्र 19 जगहों पर वेंडिंग जोन फाइल से बाहर नहीं निकल पाये। 4 जगहों में से ईदगाहभाठा जोन कार्यालय से आरकेसी गेट तक, केनाल रोड के बाजू अहिल्या बाई चौक, मोवा ओवरब्रिज के नीचे सहित एक अन्य जगह पर वेंडिंग जोन शुरू हो पाया।

## 19 अब तक शुरू नहीं



## इन जगहों पर तय हैं वेंडिंग जोन

- सिंधी मार्केट मौदहापारा गली नंबर 1 लक्ष्मी स्टेशनरी गली
- सिंधी मार्केट मौदहापारा गली नंबर 2 पंजाब एंड सिंध बैंक गली
- गली नंबर 3 मौदहापारा थाना के सामने
- गली नंबर 4 गुजराती गेस्ट हाउस
- केनाल रोड के बाजू अहिल्या बाई होल्कर चौक
- कैलाशपुरी ढाल से मारवाड़ी श्मसानघाट मार्ग
- ईदगाहभाठा जोन 5 कार्यालय के पास आरकेसी गेट से सुलभ तक सड़क के दोनों ओर
- भाठागांव चौक से आटो स्टेंड के पास
- मठपुरैना त्रिमूर्ति मंदिर के सामने
- छत्तीसगढ़ बोर्ड आफिस के पास टैगोर नगर
- हीरापुर बाजार पानी टंकी के पास
- रायपुरा विसर्जन कुंड के पास दोनों ओर
- एक्सप्रेस -वे तेलीबांधा थाना रोड से शीतला माता नर्सरी एक्सप्रेस-वे हाइवे के नीचे
- भनपुरी थाना के पास
- खमतराई एचटीपी प्लांट के पास पौनी पसारी स्थल पर
- खमतराई ओवरब्रिज के नीचे
- गुढ़ियारी पड़ाव
- गोंदवारा अंडरब्रिज स्थित पीडबल्यूडी निर्मित गार्डन के पास
- मोवा ओवर ब्रिज के नीचे एक तरफ
- मोवा ओवरब्रिज के नीचे दूसरी तरफ
- एलआईसी के बाजू में एक्सप्रेस-वे किनारे
- एक्सप्रेस-वे ओवरब्रिज के नीचे
- एक्सप्रेस-वे और बलौदाबाजार रोड जंक्शन सड़क किनारे

# ऑनलाइन विदेशी सामान भेजने का झांसा देकर 25 लाख की ठगी, चार जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- झारखंड से गिरफ्तार आरोपी ने महिला को विदेशी सामान बेचने का झांसा देकर बनाया था ठगी का शिकार

ऑनलाइन विदेशी सामान भेजने का झांसा देकर महिला से 25 लाख 20 हजार रुपए ठगी करने के आरोप में आमानका थाने की पुलिस झारखंड, धनबाद से चार जालसाजों को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाई है। जालसाजों ने सात माह पूर्व महिला को ठगी का शिकार बनाया था। जालसाजों के खिलाफ पुलिस को देश के कई अन्य राज्यों में भी ठगी करने की जानकारी मिली है। जालसाजों ने और किन-किन राज्यों में ठगी की है, इस संबंध में पुलिस, जालसाजों से पूछताछ कर रही है।

अनुराधा सिंह से ठगी के आरोप में पुलिस ने झारखंड, धनबाद निवासी साकुर अहमद, राजा मुराद, अरसद अंसारी तथा मोहम्मद सबा करीम को गिरफ्तार किया है। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पास 12 मई को अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने महिला को झांसा दिया कि वह ऑनलाइन सामान बेचने का काम करता है। जालसाज के झांसे में आकर महिला ने



ऑनलाइन विदेशी सामान मंगाने का आर्डर दिया। आर्डर देने के कुछ दिन बाद जालसाज के एक साथी ने अपने आपको कस्टम ऑफिसर बताकर महिला के कस्टम ड्यूटी तथा अन्य चार्ज के नाम पर अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराया।

## दूसरे के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर निकाले

पुलिस के अनुसार जालसाज ने अनुराधा से प्राप्त ठगी की रकम को दूसरे के अकाउंट में ट्रांसफर कर एटीएम के माध्यम से निकाला है। आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करने जब भी धनबाद पहुंचती तो आरोपियों को पुलिस के आने की जानकारी मिल जाती थी। पुलिस के आने की जानकारी मिलने पर आरोपी अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर देते थे। पुलिस ने जालसाजों को धनबाद पुलिस की मदद से ट्रेस कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

# डूमरतराई में निगम की 2 एकड़ जमीन पर बनेगा इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- निगम आयुक्त ने मांगा प्लान
- बांड प्लान में लाने की तैयारी

डूमरतराई में नगर निगम की 2 एकड़ खाली पड़ी जमीन पर थोक इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट बनेगा। इसके लिए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रभारी कार्यपालन अभियंता से प्रस्ताव मांगा है। व्यापार-व्यवसाय की व्यापक संभावना और डूमतराई थोक मार्केट की नजदीकी को देखते हुए निगम इसे बांड के रूप में लाने की तैयारी में है। नगर निगम आयुक्त ने शनिवार को राजधानी में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। पचपेड़ी नाका से पुराना धमतरी रोड के डिवाइडर में पेंटिंग और सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति देखी।

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रभारी कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा की उपस्थिति में जोन 10 क्षेत्र के माध्यम से ठेका एजेंसी से कराये जा रहे कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। जोन 10 के जोन कमिश्नर और कार्यपालन अभियंता को रोड डिवाइडर में पेंटिंग और सौंदर्यीकरण कार्य की सतत मानिटरिंग करने और कार्य को जल्द पूरा करने निर्देश दिये। डूमतराई मार्केट में नगर निगम की 2 एकड़ जमीन सालों से खाली पड़ी है। पूर्व में इस जमीन पर पीपी मोड में बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर बनाने की योजना रही। इसके लिए सर्वे भी कराया गया, पर बात नहीं बनी। डूमतराई मार्केट का विस्तार होने के बाद इस बेशकीमती जमीन पर अब थोक इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट बनेगा। इसके लिए निगम आयुक्त ने भौतिक और तकनीकी सर्वे कराकर जल्द प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये हैं। प्रस्ताव को सक्षम स्वीकृति के लिए भेजा जायेगा।



# राज्यपाल ने 'लघु अटल' विकास को किया सम्मानित



**रायपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती के अवसर पर राजभवन में काव्यांजलि का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यपाल रमेन डेका ने अटलजी से जुड़े संस्मरणों को याद करते हुए उन्हें विराट व्यक्तित्व का धनी बताया। अटलजी पर केंद्रित काव्यपाठ में अटलजी की भाव-भंगिमाओं के साथ ही हूबहू उन्हीं की शैली में उनकी कविताओं का पाठ, विचारों की अभिव्यक्ति बेहद जीवंत प्रभावी ढंग से विकास शर्मा ने प्रस्तुत की। राज्यपाल श्री डेका ने छत्तीसगढ़ सहित राष्ट्रीय स्तर पर लघु अटल के नाम से ख्यात विकास शर्मा को अनूठी प्रतिभा के लिए प्रतीक चिन्ह एवं राजकीय गमछा से सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में जनसंपर्क अधिकारी के पद पर

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। **तेरहवीं आज** न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।



: जन्म :
16.04.1947

**स्व. श्री शत्रुहन लाल सोनी जी**

: निर्वाण :
18.12.2024

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति **श्री शत्रुहन लाल सोनी जी** का स्वर्गवास दिनांक 18.12.2024 दिन-बुधवार को हो गया है। अतः उक्त कार्यक्रम में आप सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शांति प्रदान करें।

-: कार्यक्रम:-
**शांति भोज- दिनांक. 30.12.2024 (दिन सोमवार)**
समय : दोप.1 बजे से शाम 5 बजे तक
-------00---------
शोकाकुल परिवार : श्यामजी, लालजी, दीपक, कुलदीप, आलोक, राजू, रत्नेश, सीतेश, रवि, मितेश, कृष्णा, ओम, शिवम्, सत्यम्, सुंदरम्, आर्यन, प्रांजल, शिवांश, स्नैतिक, आयुष, आयांश, अनंत, शिवाय एवं समस्त सोनी परिवार......

-: कार्यक्रम स्थल :-
सोनी निवास, वार्ड नं. 16, डॉ. तिवारी बिल्डिंग के सामने, महासमुंद (छ.ग.)
संबंधित प्रतिष्ठान- प्राची एडवरटाइज़र्स, महासमुंद
संपर्क सूत्र-93010-96727, 96440-96727
-विनीत-
**श्रीमती शैल सोनी (पत्नि)**
**पंकज सोनी (पुत्र)**

नोट : जिन स्नेहीजनों को शोकपत्र न मिला हो, कृपया इसे ही स्वीकार करें...

**घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे**
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर **Sorry bhai** से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

**Health Town**

K'sagar's
**श्री श्रेयन आयुर्वेद**
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
**डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव**
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**आवेदन आमंत्रित**
**पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)**
**अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।**
- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## खबर संक्षेप

### नववर्ष पर आस्था की काव्य गोष्ठी 1 को

**महासमुंद**। नववर्ष के स्वागत में नगर की साहित्य समिति आस्था के संयोजन में 1 जनवरी को त्रिमूर्ति कालोनी स्थित जीवन सदन में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। अपरान्ह 3 बजे प्रारंभ होने वाले इस कार्यक्रम की सभाध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक करेंगे। गोष्ठी के पूर्व, महिला-विमर्श, कला, साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच- पहल का गठन किया जाएगा। समिति द्वारा इस अवसर पर साहित्यिकजनों से उपस्थिति प्रदान करने का आग्रह किया गया है। यह जानकारी समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गई है।

### परसुली में छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम कल

**नर्रा**। ग्राम परसुली में युवा किसान समिति के तत्वावधान में नववर्ष का स्वागत के अवसर पर रात्रिकालीन जय मां शारदा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी कुसमी का आयोजन रखा गया है। जानकारी देते हुए आयोजक समिति के सदस्य परमेश्वर पटेल ने लोगों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### अंतर्राष्ट्रीय नृत्य स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहीं समृद्धि

**रायपुर**। काशीधाम अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव सुर छंदम बीएसयू वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ की समृद्धि यादव ने इस कठिन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। समृद्धि कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा में कक्षा चौथी की छात्रा हैं। पढ़ाई के साथ-साथ वे तीरंदाजी भी करती हैं और गुरु हरीश बहादुर से भरतनाट्यम नृत्य की शिक्षा ले रही हैं। इस उपलब्धि का श्रेय समृद्धि ने काशी विश्वनाथ एवं अपने नाना पीआर अहीर, नानी सुनीता अहीर, पिता डॉ. संजीव कुमार यादव एवं माता डॉ. डॉली अहीर को दिया है।

### कोडिन सिरप बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**। प्रतिबंधित नशीली कोडिन सिरप के साथ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास 53 शीशी सिरप जब्त किया गया है, जिसके संबंध में उनके पास कोई आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले। डीडीनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के समीप दो लोग नशीली दवा बेचने के फिराक में घूम रहे है।

## स्वास्थ्य : जिले में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान

# 80 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई इसमें 65 का किया गया एक्स-रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की गंभीर बीमारियों की पहचान और उनका उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के 100 दिवसीय अभियान की शुरुआत 7 दिसंबर 2024 से हुई।

उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोग और वृद्धजनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करना और उनका समुचित इलाज सुनिश्चित करना है। अभियान का संचालन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक एवं सीएमएचओडॉ. पी कुदेशिया के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

शनिवार को इस अभियान के तहत जिला जेल में विचाराधीन बंदियों का टीबी स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई अत्याधुनिक मशीन का उपयोग किया गया। कुल 80 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमे से 65 का एक्स-रे किया गया। इस अभियान के तहत महासमुंद जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को कमजोर और जरूरतमंद तबकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य टीम ने यह सुनिश्चित किया है कि समुदाय के हर वर्ग को इस अभियान से लाभान्वित किया जाए।

निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और समाज के हर व्यक्ति को स्वस्थ जीवन का अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।



# कांग्रेसजनों ने डॉ. मनमोहन को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

महान अर्थशास्त्री व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनोहन सिंह के निधन पर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के उपस्थिति में उनके कार्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस बागबाहारा शहर, ग्रामीण व कोमाख़ान द्वारा संयुक्त रूप में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमे विधायक द्वारिकाधीश यादव के साथ साथ अन्य वक्तागण ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, गणेश शर्मा, विष्णु महानंद, दुर्गासागर, फिरोज मेमन, लखबीर छाबड़ा, सफी मोहम्मद, समीम ख़ान, नवनीत सलूजा, मोहन कुलदीप, आशाराम मोंगरे ताम्रध्वज बघेल, राजेश सोनी, देवेश साहू, सेतराम बघेल, दिनेश मोंगरे, पंकज हरपाल, गिरीश पटेल, भक्तराम मांझी, शैलेष साहू, मंता यादव, नवल गायकवाड़ प्रदीप यादव, देवनाथ साहू, नरेंद्र जैन आदि ने डा. मनमोहन सिंह के भारत के अर्थव्यवस्था एवं विकास में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि मनमोहन सिंह महान अर्थशास्त्री, कुशल प्रशासक एवं विद्वान महामानव थे। कार्यक्रम का संचालना बागबाहरा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष रवि निषाद एवं कोमाखान ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल ने आभार प्रकट कर सभा का समापन किया। कार्यक्रम में कवल साहू, सुनील व्यवहार, लक्ष्मीनारायण ध्रुव, मयंक शर्मा, राहुल यादव, शेख इमरान, कमल ठाकुर, डेमन साहू, हबेलाल यादव, गणपत जगत, लोकेश उइके, मिथुन अमीर, शिवा जगत, करण सिंह गोपाल, रतनदेव, महेश, हेमसागर, माधव टुकेश आदि मौजूद रहे।

# 'नक्सल मामलों में सरकार पूरी तरह से फेल'

## निर्दोष आदिवासी रोज मारे जा रहे हैं, कभी नक्सली मुखबिर बताकर हत्या कर रहे हैं, कभी फर्जी एनकाउंटर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि भाजपा की सरकार में स्थानीय आदिवासी दो पाटों के बीच पिस रहे हैं। एक तरफ जहां बीजापुर, पीडिया, कोयलीबेडा, नारायणपुर के अबूझमाड़ में फर्जी एनकाउंटर की शिकायतें लगातार आ रही है, वहीं दूसरी ओर नक्सली निर्दोष ग्रामीण पर मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या कर रहे हैं। बीते दिन दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा में दो महिलाओं सहित 10 निर्दोष ग्रामीणों की हत्या मुखबिरी के संदेह में नक्सलियों ने की है। सरकार प्रदेश की जनता की सुरक्षा कर पाने में पूरी तरह नाकाम है।

डॉ रश्मि ने कहा है कि एक ही दिन में चार-चार निर्दोष ग्रामीणों की हत्या सरकार के नक्सल नियंत्रण के दावों की पोल खोलने पर्याप्त है। 12 दिसंबर को नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में नक्सली मुठभेड़ में सात नक्सलियों के मारे जाने का दावा प्रशासन ने किया था, जिसमे से पांच लोग स्थानीय आदिवासी है, यह दावा पीड़ित परिवारों और ग्रामीणों ने किया। केवल इतना ही नहीं उक्त फर्जी मुठभेड़ में चार नाबालिग घायल हैं, सरकार नक्सल मामलों में संशय की स्थिति में है। 1 साल बीतने के बावजूद यह सरकार अब तक कोई ठोस नक्सल नीति नहीं बन पाई है। बस्तर को छावनी में तब्दील कर देना नक्सली नियंत्रण का समुचित उपाय कदापि नहीं हो सकता, स्थानीय आदिवासी दोनों तरफ से पिसे जा रहे हैं। बस्तर के विकास को लेकर इस सरकार का कोई विज़न नहीं है। राहत, पुनर्वास और ठोस समर्पण नीति यह सरकार अब तक नहीं बना पाई है। यह सरकार स्थानीय आदिवासियों का भरोसा पूरी तरह से खो चुकी है। दोनों तरफ के अत्याचार से पीड़ित आदिवासी पलायन के लिये मजबूर है। आगे डॉ रश्मि ने कहा है कि सरकार की बुरी नीयत केवल बस्तर के संसाधनों पर है। बंदूक के दम पर आदिवासियों को डराया जा रहा है। 15 साल के रमन राज में बस्तर के 600 गांव से 3 लाख से ज्यादा आदिवासी पलायन के लिए मजबूर हुए। अपना जल, जंगल, जमीन छोड़कर आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा शरण लेना पड़ा था और अब एक बार फिर वही इतिहास दोहराने की तैयारी हो रही है। जिस तरह से 2016 में ग्रामसभा की फर्जी एनओसी लगाकर नंदराज पर्वत मोदी के मित्र अडानी को अनुचित तरीके से दिए अब एनएमडीसी के नगरनार प्लांट को बेचने की तैयारी है। आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष का पद स्थानीय आदिवासी जनप्रतिनिधियों से छीन कर मुख्यमंत्री स्वयं बैठ गए, शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना दुर्भावनापूर्वक बंद कर दी गई, वनोपजों की प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग का काम बाधित कर दिया गया, वनांचल की मुख्य फसल कोदो, कुटकी, रागी का समर्थन मूल्य में खरीदी बंद है, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि भी छीन ली गई। वनाधिकार पट्टे निरस्त कर रहे हैं। सरकार केवल डरा धमकाकर शासन करना चाहती है। साय सरकार में बस्तर के स्थानीय आदिवासी कभी नक्सलियों के टारगेट में आ रहे हैं तो कभी सुरक्षा बलों की गोली का शिकार होने मजबूर हैं।





# शिव महापुराण कथा में शामिल हुए निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- भगवान शिव-माता सती की पूजा अर्चना कर नगरवासियों ने की खुशहाली की कामना

नयापारा वार्ड क्र. 7-8 संतोषी मंदिर चौक पर शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमे कथा वाचक पं. सुनील प्रसाद पांडेय द्वारा श्रोता भक्तों को शिव कथा श्रवण कराया जा रहा है। उक्त आयोजन में 28 दिसंबर को युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने भगवान शिव-माता सती की पूजा अर्चना कर समस्त नगर वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।



कथा वाचक पं. सुनील प्रसाद पांडेय ने पार्वती विवाह कथा का श्रवण श्रोताओं को कराया। उन्होंने कहा कि पर्वत राज ने भगवान शिव से उनका गोत्र पूछ लिया था। जिन्हें नारद ने समझाया था कि संपूर्ण सृष्टि, चराचर के स्वामी भगवान शिव ही हैं, शिव ही उत्पत्ति है और शिव ही विनाशक है।

प्रदेश युकां महासचिव साहू ने कहा कि महासमुंद धार्मिक नगरी है। धार्मिक आयोजनों में हमारा शहर अव्वल रहता है। इस अवसर पर उत्तम पटेल, विजय विश्वकर्मा, मयंक चंद्राकर, सिद्धार्थ सिन्दे, त्रिलोचन सिन्हा, ओम प्रकाश पटेल, भरत पटेल, गुलाब अवसर, मयंक अवसर, देवकी पटेल, राधाबाई अवसर, कुमारी बाई पटेल, रेवती चंद्राकर, शोभा तंबोली, यामिनी यादव, मालती साहू आदि उपस्थित रहे।

## प्रस्तावित ई लायब्रेरी दिवंगत पूर्व पीएम मनमोहन के नाम पर होगी : राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पालिका द्वारा 2024-25 के बजट में प्रस्तावित ई लाइब्रेरी पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के नाम पर होगा। ई लाइब्रेरी के नाम की घोषणा करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि दिवंगत डॉ सिंह को शहरवासियों की ओर से यही भावभीनी श्रद्धाजंलि होगी। श्रीमती महिलांग ने कहा कि पूर्व पीएम सिंह 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री रहने के पूर्व उन्होंने 1991 से 96 तक भारत के वित्त मंत्री, 1982 से 85 तक रिजर्व बैंक आफ इंडिया के गवर्नर जैसे देश के प्रमुख पदों पर रहें। भारत के आर्थिक सुधारों का श्रेय भी इन्हें दिया जाता है। जब पूरा विश्व आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहा था तब अर्थशास्त्री सिंह के नेतृत्व में भारत को आर्थिक मंदी छू भी नहीं पाई थी। उस दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत के मजबूत अर्थव्यवस्था जानने के लिए डॉ मनमोहन सिंह से सहयोग मांगा था। श्री सिंह का सादा जीवन उच्च विचार की तरह जीवन शैली रही। व्यवहार कुशल सिंह की प्रशंसा पक्ष के साथ ही विपक्ष के नेता भी करते थे।



# कोमाखान में भाजपाइयों ने मनाया वीर बाल दिवस

**बोइरगांव (कोमाखान)**। भाजपा मंडल कोमाखान द्वारा वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सिक्ख समाज के 10वें गुरु एवं खालसा धर्म के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह के वीर सपूत साहेबजादों की कुर्बानी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अतिथि वक्ता मंडल महामंत्री हरमीत बग्गा बागबाहरा ने सिख समाज के धर्म एवं संस्कृति को सभी के मध्य रखते हुए गुरुगोविंद सिंह एवं उनके परिवार के द्वारा दिए गए शहादत के बारे में विस्तार बताया। मंडल अध्यक्ष नितिन जैन ने अमर वीर सपूतों को अपने अभिव्यक्ति के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा लेखमणि पटेल ने अमर वीर सपूतों के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरणा लेने की बात कही। विप्र समाज से अनिल द्विवेदी ने गीत गाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी परिवार से उपस्थित दीदी ने समाज में एकता एवं समरसता बनाए रखने के लिए उपस्थित जनमानस से अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त लोगों ने पुष्प अर्पित कर वीर सपूतों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पंकज जैन, महिला मोर्चा मंडल मंत्री किरण यदु, भाजपा नेता सोमनाथ चंद्राकर, युवा मोर्चा नेता भूपेंद्र साहू, भूषण देवांगन, धनीराम साहू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा मंडल मंत्री भीमा साहू ने किया।



## विस अध्यक्ष से तुषार ने की मुलाकात




**महासमुंद**। भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से राजधानी में भेंट की। इस अवसर पर उन्हें विधानसभा अध्यक्ष के रूप में एक वर्ष का सफल और प्रेरणादायक कार्यकाल पूर्ण करने पर हर्ष जताया। उनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश की जनता की आवाज को मजबूती मिली है और लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण स्तंभ ने नई ऊंचाइयां प्राप्त की हैं। उनकी कार्यशैली और दूरदृष्टि हमे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

# 'शिव की कथा और पुराण में है सत्कर्मों की शिक्षा, मोक्ष और मुक्ति का मार्ग'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय नयापारा संतोषी मंदिर के पास आयोजित शिवमहापुराण कथा के 6वें दिन 29 दिसंबर को प्रवचनकर्ता पंडित सुनील प्रसाद पांडेय ने भगवान कार्तिकेय जन्म, तारकासुर वध और विघ्नहर्ता गणेश के जन्म की भक्तिमय प्रस्तुति दी।

पंडित सुनील प्रसाद ने उपस्थित श्रद्धालुओं को कार्तिकेय जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव-पार्वती के मांगलिक मिलन के बाद वर्षों तक कोई संतान नहीं हुई तो देवता विचलित होने लगे देवताओं को लगा कि भोले बाबा तो वास्तव में भोले और संन्यासी है, और ऐसे संन्यासी कर्मयोगी जीवन में संतान की उत्पति कैसे होगी और त्रैलोक्य पर कब्जा कर चुके दैत्य तारकासुर का विनाश कैसे होगा। इस दैत्य को ब्रम्हा का वरदान था कि शिव-पार्वती के मिलन से ही जन्मा उनके पुत्र के हाथों ही तारकासुर की मृत्यु होगी, तभी देवलोक की रक्षा होगी। पंडित ने कथा में बताया कि कार्तिकेय जन्म की पुराणों में कई वर्णन है। परंतु, मुख्य सार यही है कि भगवान शंकर के शुक्र का वेग सहन करने की शक्ति किसी में नहीं थी तो उसे कुंड के माध्यम से छह कृतिकाओं जो सप्तऋषि की पत्नियां थीं। उन्होंने गर्भ में धारण किया। परंतु, वे इसे अधिक समय तक धारण नहीं कर सकी तो माता पार्वती ने अल्पविकसित छह कमल के पत्तों में लपेटकर सुरक्षित रखने की कोशिश किया। परंतु, अलग-अलग उनके बचने की संभावना कम थी। इसलिए वो सभी शिव के अंश थे इसलिए शक्तिशाली थे पार्वती ने सभी को एक में मिला दिया। जिसके बाद छह जीवों को एक में धारण किए हुए भगवान कार्तिकेय का जन्म हुआ। आज भी उन्हें अरुमुगा या छह चेहरे वाले देवता के रूप में जाना और पूजा जाता है। कार्तिकेय अजेय योद्धा था, जिन्होंने तारकासुर का वध कर देवताओं और त्रैलोक्य की रक्षा की। सुनील प्रसाद ने तारकासुर वध का वर्णन करते हुए कहा शिवकथा में बताया कि देवगण कार्तिकेय को तारकासुर वध के लिए चले जहां देव और दैत्यों के बीच महासंग्राम हुआ, तारकासुर के पराजित नहीं हुआ, तब ब्रम्हा ने कार्तिकेय से कहा कि आप न तो बालक है न युवा,



परंतु सर्वेश्वर है और आपके हाथों ही इस दैत्य का अंत सुनिश्चित है। ब्रम्हा के वचनों को सुनकर कार्तिकेय ने अद्भुत युद्ध का प्रदर्शन करते हुए दैत्यराज तारकासुर का वध कर त्रैलोक्य को निर्भय और मुक्त किया। शिवकथा के प्रवचन के दौरान पूरे समय भगवान शिव की महिमा भक्ति पर आधारित भजन मंडली की सुमधुर भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु श्रोतागण भावविभोर होकर भक्तिभाव से थिरकते गाते रहे। सुनील प्रसाद ने भगवान शिव पार्वती के विघ्नहर्ता भगवान गणेश के अवतरण और उनके मनोरम स्वरूपों का वर्णन करते हुए बताया कि गणेश के जन्म की अलग-अलग पुराणों में पृथक वर्णन है। शिवपुराण में उल्लेख है कि देवी पार्वती ने अपने शरीर पर लगाए लेप उबटन से एक पुतला बनाया और उसमें प्राण डाल दिया और उसे द्वारपाल बनाकर किसी को अंदर नहीं आने देने का आदेश देते हुए स्नान करने चली गई। संयोग से उसी समय भगवान शिव वहां आए उन्हें अंदर जाने से गणेश ने रोक दिया, तब नाराज और क्रोधित शिव ने अपने त्रिशूल से गणेश का सर काट दिया। पार्वती को जब इसकी जानकारी हुई तो वे कुपित हो गईं तब पार्वती की नाराजगी दूर करने गणेश के धड़ पर हाथी का मस्तक लगाकर जीवनदान दे दिया। शिव ने उन्हें तमाम सामर्थ्य और शक्तियां प्रदान करते हुए प्रथम पूज्य और गणों का देव बनाया।

पंडित ने भगवान गणेश के जन्म से जुड़ी एक अन्य कथा गणेश चालीसा में कहा कि एक बार माता पार्वती ने विलक्षण पुत्र प्राप्ति के लिए बड़ा तप किया, तब गणेश ब्राम्हण रूप में वहां पहुंचे और पार्वती के आतिथ्य सत्कार से प्रसन्न हो उन्हें वर दिया माता पुत्रप्राप्ति के लिए आपने जो तप किया है उससे आपको विशिष्ट बुद्धि वाला पुत्र बिना गर्भ के ही प्राप्त होगा, वह गणनायक होगा गुणों की खान होगा। ऐसा कहकर वो अंतर्ध्यान हो गए और पालने में बालक का स्वरूप धारण कर लिया। प्रथम पूज्य गणेश की पूजा, कार्तिकेय की पृथ्वी और गणेश की माता-पिता की परिक्रमा का विस्तार से वर्णन करते हुए पंडित ने बताया कि ब्रम्ह वैवर्त पुराण, स्कंद पुराण में कथा के अनुसार प्रजापति विश्वकर्मा की रिद्धि सिद्धि नाम की कन्याएं गणेश की पत्नी है। सिद्धि से शुभ और रिद्धि लाभ नाम के उनके दो कल्याणकारी पुत्र भी हुए। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं से प्रवचनकर्ता सुनीलप्रसाद ने कहा कि सारी सृष्टि का संचालनकर्ता भगवान के विभिन्न स्वरूपों में जन्म और युगों का परिवर्तन भगवान द्वारा रचित विधि का विधान है। भगवान की सारे लीलाओं, कथाओं और महापुरूषों द्वारा रचित महापुराणो का सार यही है कि संसार में धर्म की स्थापना हो, विधर्मियों का नाश हो। सभी का संदेश यही है कि हम अपने आराध्य भगवान की साधना, पूजा अर्चना के साथ धर्म, संस्कृति की रक्षा में भी अपना योगदान दें। कथा स्थल पर आयोजन कर्ता सदस्यों के साथ नयापारा क्षेत्र के नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

